


# छह देशों की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन

## पारंपरिक संगीत, नृत्य और लोककलाओं के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिला बढ़ावा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को रवींद्र भवन, भोपाल में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव-2026 आयोजित किया गया।

ब्रिक्स सांस्कृतिक कार्य समूह की तीसरी बैठक के दूसरे दिन आयोजित इस महोत्सव में ब्रिक्स सदस्य एवं शामिल देशों के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विभिन्न देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराया और सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सहयोग की भावना को सशक्त बनाया। महोत्सव का आयोजन 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना पर आधारित था, जो सार्वभौमिक शांति, सद्भाव और सामूहिक कल्याण के भारत के सभ्यतागत दर्शन को अभिव्यक्त करता है। यह आयोजन भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 की थीम 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता के लिए निर्माण' के अनुरूप विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जन-जन के आपसी संबंधों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागी देशों की सांस्कृतिक परेड के साथ हुआ। इसमें बेलारूस, ब्राजील, इंडोनेशिया, रूसी संघ, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान भारत के सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडलों ने शामिल होकर वैश्विक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का परिचय दिया।

बेलारूस के गेनाडी त्सितोविच नेशनल एकेडमिक लोक कॉयर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ बेलारूस के कलाकारों ने पारंपरिक बेलारूसी लोकगीतों और हास्य लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। ब्राजील की ओर से एफ्रो-ब्राजीलियाई सांस्कृतिक परंपरा 'कैपोएरा' का प्रदर्शन किया गया। इस प्रस्तुति में मार्शल आर्ट, नृत्य, संगीत और एक्रोबैटिक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिला।इंडोनेशिया के कलाकारों ने पारंपरिक बालीनीज स्वागत नृत्य 'पुष्पांजलि' प्रस्तुत किया। इसके साथ ही प्रंबनन मंदिर से प्रेरित प्रसिद्ध जावानीस नृत्य-नाटिका 'द लीजेंड ऑफ रोरो जोंगरांग' का मंचन किया।

रूसी संघ के नेशनल एकेडमिक लोक इंस्ट्रूमेंट्स ऑर्केस्ट्रा ऑफ रूस के एकल कलाकारों ने बालालाइका, बायान, ऑल्टो डोमरा और कॉन्ट्राबास बालालाइका जैसे पारंपरिक रूसी वाद्ययंत्रों पर संगीतमय प्रस्तुति दी।संयुक्त अरब अमीरात के प्रसिद्ध संगीतकार सैफ अल-अली ने समकालीन प्रभावों के साथ अमीराती और अरब संगीत परंपराओं की प्रस्तुति दी।भारत की ओर से 'मारू रंग - राजस्थान की विरासत' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें घूमर, चरी, कालबेलिया और भवाई जैसे लोकनृत्यों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का समापन ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जिसमें सभी देशों के कलाकार एक मंच पर आए और सांस्कृतिक एकता, आपसी सम्मान और वैश्विक सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर कला और संस्कृति के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने और विभिन्न देशों के लोगों के बीच आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने की ब्रिक्स देशों की प्रतिबद्धता भी रेखांकित हुई।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी और हितग्राही योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति एक माह में अपनी अनुशंसाएं शासन को सौंपेगी। इसमें वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, लोक निर्माण और सामान्य प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं

## एफएसएल भर्ती का अंतिम परिणाम जारी, 97 अभ्यर्थियों का चयन

**नप्र, भोपाल :** मप्र राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक और प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर घोषित चयन सूची में कुल 97 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें 19 प्रयोगशाला तकनीशियन, 28 प्रयोगशाला सहायक और 50 प्रयोगशाला परिचारक शामिल हैं।

शासन ने 13 जनवरी 2026 को भर्ती को मंजूरी दी थी, जबकि 10 मार्च को विज्ञापन जारी किया गया। प्राथमिकता के आधार पर पूरी प्रक्रिया मात्र पांच माह में पूरी कर ली गई। चयन समिति ने 14 और 15 जून को शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, जहांगीराबाद, भोपाल में तीन पालियों में लिखित परीक्षा आयोजित की थी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम चयन सूची जारी की गई।

## सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि स्व. श्रीमती स्वराज का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति निष्ठा, जनसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। राष्ट्रहित के लिए उनकी अटूट निष्ठा और संकट की घड़ी में प्रत्येक भारतीय के लिए संवेदनशीलता सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी।

## खण्डेलवाल ने जताया शोक

**नप्र, भोपाल :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक उमाकांत दीक्षित की माताजी श्रीमती मुन्नी देवी दीक्षित के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।

## मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल की वैश्विक स्तर पर चर्चाः डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में तेजी से उभर रहा है और राज्य की उपलब्धियों की अब वैश्विक स्तर पर भी चर्चा हो रही है।

नई दिल्ली में सातवें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन को लगातार बढ़ा रहा है, जिससे भविष्य में चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारतीय रेलवे सहित आठ राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति कर रहा है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया गया है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर शुल्क प्राप्त होना प्रदेश की बड़ी उपलब्धि है।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से की मुलाकात




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट की। दोनों नेताओं के बीच मध्यप्रदेश के विकास, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार संवर्धन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को गति देने तथा जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श हुआ। डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से सौजन्य भेंट कर मध्यप्रदेश से जुड़े जल संसाधन और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, पेयजल उपलब्धता, जल संरक्षण तथा जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर विचार-विमर्श हुआ।

**लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकातः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, सुशासन और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने केंद्र-राज्य समन्वय से विकास कार्यों को गति मिलने की बात कही।




### • साहब को खुश करने के रास्ते...




पिछले दिनों सरकार के एक निर्णय के बाद राजधानी के कुछ थानों में 2-2 इंचार्ज बनाए गए हैं। एक की अनुपस्थिति में दूसरे को प्रभार रहता है। अपनी छवि बनाने के लिए दोनों साहब अपने दूसरे सहयोगी की कमियां अधिक गिनाते हैं और साहब की नजर में अपनी छवि चमकाने में अधिकांश समय लगे रहते हैं।

### • सिंघम के अवतार में मैडम...



किसानों का आंदोलन पूरी गर्मी पर था। उग्र किसान आगे बढ़ने के लिए सभी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की दिशा में निर्णायक कार्रवाई की योजना पर काम कर रहे थे, लेकिन एक मोहतरमा ने बस के आगे खड़े होकर किसानों के ऊपर बस न चढ़ जाए और कोई अनहोनी न हो जाए, इसके लिए जो किया, वह चर्चा का विषय बन गया।

### • युवा साहब की गर्मी काम न आई...



किसान आंदोलन के दौरान किसानों की उग्रता और आक्रामकता देखकर एक युवा अधिकारी कड़ी कार्रवाई करने के लिए आतुर नजर आ रहे थे। पुलिसिया हथकंडे अपनाकर कुछ ही देर में आंदोलन समाप्त कराने की सोच रखने वाले साहब को धैर्य रखना और सिर्फ मूकदर्शक बनकर किसानों के उग्र आंदोलन को देखते रहना मंजूर नहीं था। इसलिए साहब ने घटनास्थल से रवाना होना ही उचित समझा।

### • सबसे बड़ा क्षेत्र और दावेदार अनेक...



राजधानी से लगे हुए जिले के एक क्षेत्र में इंचार्ज बनने के लिए बहुत से साहब प्रयास करते देखे जा रहे हैं। पिछले दिनों इस बड़े क्षेत्र के लिए विधानसभा में सिफारिश करते भी देखे गए। कारण साफ है, क्षेत्र बड़ा, मलाईदार और राजधानी के नजदीक है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण रसद तो मिलती ही है, साथ ही रोज राजधानी में भी बने रहना आसान है।

### • साहब की कोठी और पहरेदारी...



मध्यप्रदेश के कुछ बड़े जिलों में साहब कप्तान की लंबी पारी खेलकर राजधानी के अति महत्वपूर्ण इलाके में एक बड़ी कोठी बनवा रहे हैं। उसके निर्माण के दौरान काफी मटेरियल पड़ा रहता है, इसलिए उसकी चौकीदारी के लिए नियमित रूप से कुछ लोगों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि कीमती सामान चोरी न हो जाए।

### • दावेदारी तो, लेकिन भगवान भरोसे...



मध्यप्रदेश में विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद कुछ जिलों में कप्तान साहब बदले जाने की चर्चा चल रही है। पुलिस मुख्यालय में बैठे कुछ अधीर साहब पूरी ताकत लगा रहे हैं, ताकि उनका बनवास समाप्त हो सके। उनका कहना है कि हमें भी तो मौका मिले। जिनका कोई नहीं, उनका भगवान होता है।

## पदोन्नति नियमों के विरोध में कर्मचारियों का आंदोलन आज

- सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र की प्रतीकात्मक होली जलाकर सौंपेंगे ज्ञापन
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर विरोध तेज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 जुलाई 2026 को जारी परिपत्र का विरोध करते हुए सात अगस्त को मंत्रालय के सामने प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने परिपत्र की प्रतीकात्मक होली जलाने के साथ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। इसमें वर्ष 2010 के प्रावधानों के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर देने की मांग की जाएगी।

संघ का आरोप है कि नए परिपत्र के कारण विभिन्न विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति प्रभावित हो रही है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भेजे पत्र में कहा है कि परिपत्र जारी करते समय वर्ष 2010 और 2015 के प्रावधानों का समुचित परीक्षण नहीं किया गया।

संघ का कहना है कि पहले निर्धारित शर्तों के साथ पदोन्नति का अवसर दिया जाता था तथा आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए समय-सीमा भी तय रहती थी। संगठन ने परिपत्र निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव ने आंदोलन में अधिक से अधिक कर्मचारियों से शामिल होने की अपील की है।

## विजयवर्गीय ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने विभिन्न मामलों पर संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए तथा जिन प्रकरणों का मौके पर निराकरण संभव था, उनका तत्काल समाधान कराया। विजयवर्गीय ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी जनसमस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## मास्टर प्लान को लेकर ननि मुख्यालय पर प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राजधानी में मास्टर प्लान को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। लिंक रोड नंबर-2 स्थित नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे और निगम प्रशासन तथा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का पुतला भी फूंका। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि भोपाल पिछले 25 वर्षों से बिना प्रभावी मास्टर प्लान के चल रहा है, जिससे शहर का सुनियोजित विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण अनियोजित निर्माण, यातायात की समस्याएं और बुनियादी सुविधाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। पीसी शर्मा ने भोपाल में मिक्स लैंड यूज नीति लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। प्रदर्शन को देखते हुए नगर निगम मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। पुलिस बल तैनात रहा और मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग कर स्थिति पर नजर रखी गई।

## पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन आठ और नौ अगस्त को इंदौर में

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा मप्र उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में आठ और नौ अगस्त को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष, पश्चिमी क्षेत्र के उच्च न्यायालयों की विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष, विभिन्न राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के सदस्य सचिव, न्यायिक अधिकारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। सम्मेलन में विधिक सेवाओं, न्याय तक पहुंच और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## मतदाताओं का विश्वास सर्वोपरिः राज्य निर्वाचन आयुक्त




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में छोटी-सी लापरवाही भी मतदाताओं के बीच अविश्वास का कारण बन सकती है। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स की राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान सभी शंकाओं का समाधान करने और उपयोगी सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। आयोग मतदान प्रक्रिया की वेबकास्टिंग और स्थानीय निकाय चुनावों में ईवीएम के व्यापक उपयोग पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश ने सहयोगात्मक संघवाद की भावना के तहत त्रिपुरा, सिक्किम, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ईवीएम उपलब्ध कराई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में छोटी से छोटी त्रुटि भी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और नवीन तकनीकों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्यशाला में जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, निर्वाचन परिणाम प्रबंधन, ईवीएम रैंडमाइजेशन, आईपी बीएमएस, व्यय लेखा और आदर्श आचार संहिता सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com